मधुर मुरली बजाते हैं कृष्ण कन्हैया

मधुर मुरली बजाते हैं कृष्ण कन्हैया
मुरली के धुन पर गोपी करे ता ता थैया
मधुर मुरली बजाते हैं कृष्ण कन्हैया

गोकुल की गलियों में घूमे बनवारी
राधा जी के संग घूमे सारे ब्रिज नारी
देखो रास रचावे कैसे रास रचैया
मधुर मुरली बजाते हैं कृष्ण कन्हैया

यशोदा का प्यारा व नंद का दुलारा
मथुरा में जन्मा और गोकुल को तारा
बड़ा अद्भुत और नटखट है माखन चोरैया
मधुर मुरली बजाते हैं कृष्ण कन्हैया

मीरा को तारा श्याम अर्जुन को तारा
दानवों को मार कर के देवो को तारा
हम को भी तारो प्रभु बंसी बजैया
मधुर मुरली बजाते हैं कृष्ण कन्हैया

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/18018/title/madhur-murli-bajate-hai-krishan-kanhiyan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |